तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 सेंट्रल एवेन्यू के बाद सबसे व्यस्ततम मार्ग रेलवे ...



12 सेवा संकल्प अभियान : बेरला मंडल ने किया ...





खबर संक्षेप

बीएसपी से स्क्रैब कॉपर पार करने वाला पकड़ा गया

भिलाई। बीएसपी में प्रवेश कर 100 किलोग्राम स्क्रैब कॉपर केबल चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई भट्ठी पुलिस ने बताया कि विवेचना में पूर्व में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। विवेचना के दौरान हरीश बाग, प्रेम कुमार, दीपक ठाकुर, अंकुश ठाकुर, प्रीतम उर्फ पंचू, जीवन सरदार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। सीआईएसएफ द्वारा पकड़े जाने की जानकारी सामने आई थी। स्क्रैब कॉपर केबल की कीमत 50,000 रुपये, 4 मोबाइल फोन 30,000 रुपये का है। चोरी के सामनो की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है। विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर आरोपी को जेल भेजा गया था। प्रकरण में फरार आरोपी सर्कस मैदान दक्षिण गंगोत्री सुपेला निवासी जेठूराम को विवेचना के दौरान हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

नशे के लिए रकम छीनने वाला गिरफ्तार

भिलाई। शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड करने वाले को रकम नहीं मिलने पर रुपए छिनकर फरार होने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बजरंग चौक खुर्सीपार के पास राहगीर का रास्ता रोकर रकम का डिमांड करने वाल खुर्सीपार निवासी विजय चौधरी को गिरफ्तार किया है। घटना की शिकायत वैभव प्रसाद ने पुलिस से किया था। रकम देने से मना करने पर आरोपी गाली-गलौज कर मारपीट कर पीड़ित के जेब में रखे रुपये छीनकर फरार हो गया था।

पाहंदा में तालाब में डूबने से युवक की मौत

भिलाई। तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है। शव को एसडीआरएफ की टीम ने मशक्कत के बाद तालाब से बाहर निकाला है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि कैंप 2, शारदा पारा निवासी अश्वनी विश्वकर्मा ग्राम पाहंदा स्थित तालाब में नहाने गया हुआ था। नहाते समय अचानक पैर फिसल जाने के कारण युवक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलने पर जिला सेनानी, नगर सेना, अग्निशमन, आपातकालीन सेवाएं दुर्ग को दी गई। खबर लगते ही एसडीआरएफ दुर्ग की रेस्क्यू टीम जीवन रक्षक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची।

संभाग स्तरीय आंदोलन में बेमेतरा के 500 कर्मचारी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दुर्ग में धरना-प्रदर्शन कर कर्मचारियों ने बुलंद की मांगों की आवाज

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर बुधवार को दुर्ग स्थित साइंस कॉलेज धरना स्थल में संभाग स्तरीय एक दिवसीय आंदोलन आयोजित किया गया। आंदोलन में बेमेतरा जिले से करीब 500 कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन एवं रैली कर शासन का ध्यान आकृष्ट कराया।

जिला अध्यक्ष हितेंद्र सिन्हा के मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजेश जायसवाल के समर्थन में बेमेतरा जिले के कर्मचारियों ने आंदोलन में भाग लिया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर 10 जून को प्रदेश के तहसील एवं जिला मुख्यालयों में कलेक्टर व एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद 7 से 11 जुलाई तक सांसद, विधायक सहित जनप्रतिनिधियों को भी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। मांगों पर निर्णय नहीं होने के कारण कर्मचारियों ने चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया।



महंगाई भत्ता समेत आठ प्रमुख मांगें

कर्मचारियों ने केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता एवं पेंशनरों को महंगाई राहत देने तथा डीए एरियर्स की राशि जीपीएफ खाते में समायोजित करने की मांग की। इसके अलावा बजट सत्र में घोषित कैशलेस चिकित्सा सुविधा के नियम तत्काल जारी करने, सेवानिवृत्ति पर अवकाश नगदीकरण 240 से बढ़ाकर 300 दिन करने तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों का वेतनमान पुनरीक्षित करने की मांग रखी गई। शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना का लाभ देने, शिक्षक पात्रता परीक्षा के स्थान पर सीमित विभागीय परीक्षा का प्रावधान करने, अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत की सीमा समाप्त करने तथा संविदा, दैनिक वेतनभोगी एवं अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित करने की मांग भी उठाई गई।

विभिन्न संवर्गों की मांगें भी उठीं

आंदोलन में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक का पदनाम बदलकर ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी तथा सेक्टर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक का पदनाम सेक्टर स्वास्थ्य अधिकारी करने की मांग की गई। आईटीआई कर्मचारियों को समयमान एवं पदोन्नति का लाभ, छात्रावास अधीक्षकों को ▶▶शेष पेज 11 पर

आदेश

आय संबंधी जानकारी का विकल्प नहीं होने से उठे सवाल

नए राशन कार्ड के लिए जाति प्रमाण-पत्र अनिवार्य, स्मार्ट पीडीएस में बदली व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नया राशन कार्ड बनवाने अथवा पुराने राशन कार्ड में संशोधन कराने की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। स्मार्ट पीडीएस के तहत अब ऑनलाइन आवेदन में आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और जन्म प्रमाण-पत्र के साथ जाति प्रमाण-पत्र की जानकारी भी अनिवार्य की गई है।

जाति प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं होने पर आवेदन आगे की प्रक्रिया में नहीं बढ़ पा रहा है। नई व्यवस्था को लेकर राशन कार्ड बनवाने वाले परिवारों के सामने नई परेशानी खड़ी हो गई है। नई डिजिटल व्यवस्था के तहत राशन कार्ड के लिए आवेदन प्रक्रिया 29 सितंबर से नगर पंचायत स्तर पर शुरू हो गई है। हितग्राही अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर अथवा च्वाइस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन ▶▶शेष पेज 11 पर

जाति वर्ग के अनुसार दस्तावेज जरूरी

स्मार्ट पीडीएस के ऑनलाइन फार्म में सामान्य जानकारी दर्ज करने के बाद जाति वर्ग का विकल्प दिया गया है। इसमें सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विकल्प शामिल हैं। सामान्य वर्ग को छोड़कर अन्य वर्गों के आवेदकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं होने पर आवेदन आगे प्रोसेस नहीं होगा।



डिजिटल व्यवस्था से पारदर्शिता का दावा

प्रशासन की ओर से नई डिजिटल व्यवस्था को पारदर्शी और सुविधाजनक बताया जा रहा है। ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज अपलोड और आवेदन की स्थिति की जानकारी मोबाइल के माध्यम से मिलने से हितग्राहियों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से फर्जी राशन कार्ड और अपात्र हितग्राहियों पर नियंत्रण की बात भी कही जा रही है।

मिसल रिकॉर्ड नहीं मिलने से प्रमाण-पत्र बनाने में दिक्कत

जाति प्रमाण-पत्र बनवाने को लेकर भी क्षेत्र में समस्या सामने आ रही है। देवार समाज के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद ने बताया कि जाति प्रमाण-पत्र बनाने के लिए आवश्यक मिसल रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होने से समाज के लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने देवार समाज को छत्तीसगढ़ के मूल आदिवासी समाज से संबंधित बताते हुए जाति प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया में मिसल रिकॉर्ड की अनिवार्यता को शिथिल करने की मांग की है। उनका कहना है कि जाति प्रमाण-पत्र के अभाव में लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो रही है।

वार्ड 8 में खाद्य विभाग का शिविर
राशन संबंधी समस्याओं का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को बेमेतरा नगर के वार्ड क्रमांक 8 में खाद्य विभाग द्वारा विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में वार्डवासियों की राशन कार्ड एवं खाद्य वितरण से जुड़ी समस्याएं सुनी गईं और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

शिविर में नागरिकों ने नया राशन कार्ड बनाने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने एवं हटाने, आधार लिंकिंग तथा राशन वितरण में अनियमितता से संबंधित शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। खाद्य विभाग की टीम ने आवेदनों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की। वहीं, जिन प्रकरणों का तत्काल निराकरण संभव नहीं था, उन्हें समय-सीमा में पूरा करने का आश्वासन दिया गया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि शिविर का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब परिवार को राशन से संबंधित समस्या न हो, इसके लिए विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ▶▶शेष पेज 11 पर

देवरबीजा में पुलिस की दबिश में मुख्य खाईवाल समेत दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में जुआ-सट्टा सहित अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने देवरबीजा क्षेत्र में सट्टा खिलाने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। साइबर सेल और चौकी देवरबीजा की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर मुख्य खाईवाल सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से नकदी, दो टच स्क्रीन मोबाइल, सट्टा-पट्टी और पेन जब्त किए गए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

- साइबर सेल और देवरबीजा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, नकदी व दो मोबाइल समेत 11 हजार का सामान जब्त

पुलिस के मुताबिक 29 सितंबर को देवरबीजा चौकी पुलिस को सूचना मिली थी कि चौहान दुकान के सामने दो व्यक्ति सट्टा-पट्टी में अंक लिखकर लोगों से रुपए-पैसे का दांव लगवा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद साइबर सेल और देवरबीजा पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस के पहुंचते ही वहां हड़कंप मच गया। टीम ने मौके से दो लोगों को विभिन्न नंबरों पर रुपए का दांव लगवाकर सट्टा खिलाते पकड़ा।

1,120 रुपए नकद और दो मोबाइल जब्त

पुलिस ने कार्रवाई में आरोपियों से 1,120 रुपए नकद तथा करीब 10 हजार रुपए कीमत के दो टच स्क्रीन मोबाइल जब्त किए। इसके अलावा सट्टा-पट्टी और पेन भी बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार जब्त नकदी और मोबाइल की कुल कीमत करीब 11 हजार 120 रुपए आंकी गई है। मामले में केशव चौहान (42), निवासी देवरबीजा और अनवर खान (53), निवासी ग्राम कोदवा थाना साजा को आरोपी बनाया गया है। दोनों के खिलाफ चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

अवैध कारोबार पर कार्रवाई जारी

कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, चौकी प्रभारी देवरबीजा सहायक उप निरीक्षक दीनानाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक नंदलाल चतुर्वेदी, आरक्षक नुरेश वर्मा, यशवंत ▶▶शेष पेज 11 पर



सेवाकाल के अनुभव किए साझा

37 और 43 साल की पुलिस सेवा के बाद सेवानिवृत्त, दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के पुलिस विभाग में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले निरीक्षक के.सी. दास और उप निरीक्षक भुनेश्वर लाल यादव के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में दोनों अधिकारियों को श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही पेंशन एवं उपादान आदेश भी प्रदान किए गए।

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों के स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में सेवाकाल के दौरान अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। के.सी. दास और भुनेश्वर लाल यादव ने अपने लंबे सेवाकाल में मुस्तैदी एवं कार्यकुशलता के साथ दायित्वों का निर्वहन किया।

1983 में आरक्षक पद पर हुए थे भर्ती

निरीक्षक के.सी. दास ने पुलिस विभाग में करीब 36 वर्ष 8 माह से अधिक समय तक सेवा दी। वे वर्ष 1990 में जिला दंतेवाड़ा में आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। सेवाकाल के दौरान उन्होंने दंतेवाड़ा, बीजापुर, दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया।

वहीं उप निरीक्षक भुनेश्वर लाल यादव ने करीब 43 वर्ष 5 माह से अधिक समय तक पुलिस विभाग में सेवाएं दीं। वे वर्ष 1983 में जिला बस्तर में आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। उन्होंने बस्तर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव, दुर्ग एवं बेमेतरा जिले के विभिन्न थाना-चौकियों में सेवाएं दीं। समारोह में दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों ने अपने सेवाकाल के खट्टे-मीठे अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और साथी कर्मचारियों के सहयोग से वे अपने दायित्वों का तत्परता से निर्वहन कर सके। उन्होंने सहयोग के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार जताया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव, एसडीओपी भुषण एक्का, डीएसपी कौशिल्या साहू एवं डीएसपी शशीकला उईके सहित अन्य अधिकारियों ने भी दोनों के सेवाकाल ▶▶शेष पेज 11 पर

लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने पर स्कूल बस चालकों के लाइसेंस होंगे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने पर स्कूल बस चालकों की लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही होगी। इसी प्रकार पुलिस विभाग की आकस्मिक चेकिंग के दौरान वाहन चालक पर मादक पदार्थ सेवन की पुष्टि होने पर लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारियों को उक्त निर्देश दिये। विगत सोमवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले में यातायात व्यवस्थाओं में सुधार एवं सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु विभागों को सौंपे गये कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन का विभागवार समीक्षा की गई। जिसमें अधिकारियों ने कार्य पूर्ण होने, अद्यतन प्रगति एवं की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी दी। साथ ही जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और सुदृढ़र्ण बनाने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श कर कई महत्व निर्णय लिये गये हैं। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-53 में खराब सड़के, गडढ़ों की सुधार एवं मरम्मत कार्य प्रगति पर है। डामर कार्य अक्टूबर माह में किया जाएगा। भारतमाला निर्माण में बीएसपी के लिए कनेक्टिविटी दिये जाने की विचार पर अधिकारियों को सहमति पत्र प्रस्तुत करने कहा गया। नगर निगम दुर्ग अंतर्गत डिवाइडर निर्माण एवं बोर्ड मार्किंग, प्रकाश व्यवस्था, गड्ढे आदि की भराई आगामी 10 दिनों में पूर्ण कर दिया जाएगा। झरोखा बोगदा पुलिया से कातुलबोर्ड की ओर बिजली बोर्ड पीछे करने की कार्यवाही हेतु कार्यादेश जारी किया जा चुका है। उक्त कार्य को 15 दिवस में पूर्ण कर लिया जाएगा। रेलवे द्वारा अंडरब्रिजों की साफ-सफाई एवं सड़क सुधार कार्य 31 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। सेतु निर्माण विभाग द्वारा दुर्ग से धमधा मार्ग पर समोदा, करंजा भिलाई एवं ननकट्टी ब्रीज चौड़ीकरण हेतु वर्क आर्डर जारी किया जा चुका है। ग्रीन चौक से सूर्या हॉटल तक सड़क सुरक्षा उपाय के संबंध में आवश्यक सुझाव हेतु रेलवे से कार्ययोजना आमंत्रित की गई है। सड़कों से मवेशी हटाने नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों के माध्यम से नियमित कार्यवाही की जा रही है।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटना की रोकथाम पर चर्चा



नवरात्र में पदयात्रियों के आवाजाही के लिए रूट तय

बैठक में नवरात्र में पदयात्रियों के लिए नेहरू नगर चौक से अंजोरा बायपास मार्ग का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार पावर हाउस से सुपेला चौक तक ऑटोड्रिल अतिक्रमण हटाने एवं राष्ट्रीय राजमार्ग में प्रकाश व्यवस्था एनएचआई एवं क्षेत्रवार नगरीय निकायों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रभावी उपाय अपनाने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़क दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार अधिकारियों को सौंपे गये विभागीय कार्य पर आवश्यक त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में नगर निगम दुर्ग की आयुक्त लीना कोसम, भिलाई आयुक्त सुरूचि सिंह, रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा, भिलाई चरोदा के आयुक्त डी राजपूत, एएसपी यातायात ऋचा मिश्रा, अपर कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम दुर्ग महेश राजपूत, एसडीएम धमधा लवकेश ध्रुव सहित अन्य मौजूद थे।

खबर संक्षेप

गौवंशों की हो रही तस्करी और हत्या, शिकायत

दुर्ग। जिले में गौवंशों की तस्करी और हत्या की शिकायत सामने आई है। इसे लेकर कलेक्टर से शिकायत की है। गौसेवकों में प्रिंस कसेर और अनिल दौलतानी ने कहा कि भिलाई-दुर्ग के गौठान में गौवंशों की अनदेखी हो रही है। कोसानाला गौठान में अव्यवस्था का आलम है। शहर के आवारा मवेशियों को पकड़कर गौठान में पहुंचाया जा रहा है, लेकिन वहां भी उनकी देखभाल नहीं हो रही है। मरने वाले जानवरों को चोरी-छिपे जमीन में दफना दिया जा रहा है। उन्हें कई-कई दिन भूखे रखा जा रहा है। ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

पेंशन बहाली की मांग को लेकर धरना आज

भिलाई। महिला महाविद्यालय सहित छत्तीसगढ़ के अनुदान प्राप्त अशासकीय कालेजों के सेवानिवृत्त और सेवारत प्राध्यापक एवं कर्मचारी बुधवार 30 सितंबर की सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक कल्याण महाविद्यालय के मुख्य द्वार के सामने एकदिवसीय धरना देंगे। समिति के अध्यक्ष डॉ. डीपी जायसवाल, संयोजक डॉ. आरपी अग्रवाल और निवेदक डॉ. संध्या मदन मोहन ने विद्यार्थियों तथा नागरिकों से धरना स्थल पर पहुँचकर मांग का समर्थन करने की अपील की है। समिति ने आदेश को अमानवीय बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने और 37 वर्षों से चली आ रही पेंशन व्यवस्था पुनर्बहाल करने की मांग की है।

बारिश की वजह से बने गड्ढों में जल भराव से बढ़ रहीं दुर्घटनाएं

सेंट्रल एवेन्यू के बाद सबसे व्यस्ततम मार्ग रेलवे एवेन्यू पर दोपहिया चलाने का बढ़ रहा जोखिम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सेंट्रल एवेन्यू के बाद टाउनशिप के सबसे प्रमुख और व्यस्ततम मार्ग रेलवे एवेन्यू रोड के जर्जर होने और सालों बाद भी चौड़ीकरण नहीं होने से आवागमन मुश्किल और दुर्घटनाजन्य बना हुआ है। बारिश के मौसम में वाहन चलाना और कठिन होता जा रहा है। इस मामले में बीएसपी उदासीन बना हुआ है।

वायशेप फ्लाइओवर बत्तीस बंगला तिराहा से सेक्टर 1 बचत स्तंभ चौक तक जाने वाले रेलवे एवेन्यू रोड पर वाहन चलाना दुर्घटना को दावत देना जैसा हो गया है। यह सड़क दुर्ग और पावरहाउस होते हुए रायपुर जाने के लिए दूसरी सबसे व्यस्त रोड है। इस सड़क पर भिलाई नगर और पावरहाउस स्टेशन और चार चौक हैं। पिछले दो तीन साल से यह प्रमुख सड़क कई जगह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह जगह इतने गड्ढे हो गए हैं कि सड़क पर गड्ढे हैं कि गड्ढों में सड़क पता ही नहीं चलता। बारिश के मौसम में हालत दुबले पर दो आषाढ़ की तरह हो गई है। पिछले तीन दिनों तक हुई लगातार मूसलाधार बरसात के चलते गड्ठों में लबालब पानी भर जाने से दोपहिया चालकों को गड्ठे दिखाई नहीं दे रहे थे। इस कारण शनिवार को अंडब्रिज तिराहे के निकट स्कूटी में जा रहे दो लोग घायल हो गए। इसके पूर्व भी आए दिन गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। एचएचएसीएल कालोनी सेक्टर 6 के लोगों ने बताया कि मोटरसायकल चालक दो तीन दिन में गड्ढों से दुर्घटनाग्रस्त होकर हेड इंजुरी और हाथ पावं तोड़वा रहे हैं। बत्तीस बंगला के निकट, सेक्टर 7 महाराणा प्रताप चौक, प्रियदर्शिनी अंडरब्रिज तिराहा, सेक्टर 6 पेट्रोल पंप, जेपी चौक और चंद्रा मौर्या टाकीज अंडरब्रिज के निकट रोड पर कई बड़े और चौड़े गड्ढे हो गए हैं।

टू-लेन की बीएसपी की फाइल ठंडे बस्ते में





सालों बाद भी नहीं हुआ चौड़ीकरण

रेलवे एवेन्यू रोड साठ साल पुरानी है। इस दौरान वाहनों के साथ ट्रैफिक भी अत्यधिक बढ़ गया है। लेकिन अब इस व्यस्ततम सड़क का चौड़ीकरण नहीं किया गया है और न ही पेंच वर्क या किसी तरह मरम्मत की गई है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई बार बीएसपी के मरम्मत के ध्यानाकर्षण करने के लिए कोई परिणाम अब तक शून्य है। इस सड़क को टूलेन बनाए जाने की योजना थी लेकिन चौड़ीकरण करना तो दूर पूरी बारिश निकल गई और गड्ढों तक की अब तक मरम्मत नहीं की गई। जहनित हो देखते हुई तत्काल इस सड़क का चौड़ीकरण जरुरी है।

भिलाई नगर स्टेशन में खटाल की गंदगी

रेलवे एवेन्यू रोड पर से रोजाना करीबन दो हजार गाड़ियां रोज गुजरती हैं। इनमें स्कूल बसें, दोपहिया, कारें, हल्के मालवाहक वाहन शामिल हैं। बीएसपी कर्मियों सहित दुर्ग से पावरहाउस व रायपुर आने जाने के लिए लोग इस रोड का उपयोग करते हैं। सुबह शाम शिफ्ट व ड्यूटी टाइम में इस सड़क पर जाम के हालात होते हैं। भिलाई नगर स्टेशन के सामने इस रोड पर खटाल की कचरा आदि गंदगी प्रवाहित होने के साथ बदबू से भी लोग परेशान रहते हैं।

आईटीआई में ट्रेनिंग करने वालों की संख्या मिली कम, प्रशिक्षण अधिकारी के वेतन रोकने निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

आईटीआई पुलगांव में प्रशिक्षार्थियों की कमी जैसी बड़ी लापरवाही सामने आई है। इसे देखते हुए रोजगार एव प्रशिक्षण संचालक हेमंत रमेश नंदनवार ने जिम्मेदार प्रशिक्षण अधिकारी का एक माह का वेतन रोकने का आदेश दिया है। रमेश नंदनवार औचक रूप से निरीक्षण करने पहुंचे थे। उनके नेतृत्व में तीन सदस्यीय दल द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्था में संचालित समस्त व्यवसायों के लैब एवं प्रशिक्षण कक्षों का अवलोकन किया गया। संचालक ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा प्रशिक्षणार्थियों को लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से अधिकाधिक प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु समस्त प्रशिक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

- संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण ने किया निरीक्षण

रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संचालक महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा संबंधित प्रशिक्षण अधिकारी का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। साथ ही, संस्था में प्रशिक्षणार्थियों की नियमित एवं संतोषजनक उपस्थिति सुनिश्चित नहीं होने पर प्राचार्य के प्रति भी अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा उपस्थिति में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संस्था परिसर में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का भी अवलोकन किया गया। निर्माण कार्य की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर संचालक महोदय द्वारा संबंधित कॉन्ट्रैक्टर की देय राशि में नियमानुसार कटौती किए जाने हेतु लोक निर्माण विभाग को आवश्यक कार्यवाही के लिए अवगत कराने के निर्देश दिए गए। संचालक महोदय ने संस्था में प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रशिक्षणार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

तीन माह से वेतन लंबित, जल जीवन मिशन आउटसोर्स कर्मचारी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत जल जीवन मिशन में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी अपनी वर्षों पुरानी वेतन विसंगति एवं अनियमित भुगतान की समस्या को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। कभी दो महीने, कभी तीन महीने, तो कभी चार से पांच महीने तक वेतन भुगतान के लिए इंतजार करना पड़ता है। वर्तमान में भी कर्मचारियों का लगातार तीन माह का वेतन लंबित है।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक जिले के पीएचई कार्यालय में कॉलमी सर्विसेज के माध्यम से लगभग 15 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। ये कर्मचारी जिला स्तर पर जल जीवन मिशन के विभिन्न प्रशासनिक, तकनीकी समन्वय, डिजिटल डाटा प्रबंधन एवं विभागीय कार्यों का निर्वहन करते हैं। कर्मचारियों ने बताया कि वे नियमित रूप से कार्यालय पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं, लेकिन वेतन प्राप्त करने के लिए उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। कभी वेतन की डिमांड तैयार करवाने, कभी



अधिकारियों के हस्ताक्षर करवाने, कभी फाइल आगे बढ़वाने, तो कभी पीईएमएस प्रक्रिया पूर्ण होने का इंतजार करना पड़ता है। वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी के कारण कर्मचारियों के सामने घरेलू खर्च, बच्चों की स्कूल फीस, राशन, चिकित्सा एवं अन्य पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में गंभीर आर्थिक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। जानकारी के मुताबिक कर्मचारियों की दो प्रमुख मांगें हैं। इसमें पहली वर्षों से चली आ रही वेतन विसंगति को दूर करते हुए प्रत्येक माह निर्धारित समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। वहीं दूसरी अन्य पात्र कर्मचारियों की तरह उन्हें भी नियमानुसार भविष्य निधि का लाभ प्रदान किया जाए तथा इसकी पारदर्शी जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

वाराणसी से निकली कलश यात्रा दुर्ग पहुंची

दुर्ग। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न सेवा एवं जनभागीदारी के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुजरात के वडनगर से प्रारंभ होकर वाराणसी तक जाने वाली जल जन कलश यात्रा सोमवार को दुर्ग पहुंची। यह यात्रा जल, जन और सेवा संकल्प के संदेश के साथ विभिन्न स्थानों से होकर आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर बाइक रैली का आयोजन भी किया गया। बाइक रैली अंजोरा बायपास रोड से प्रारंभ होकर पुलगांव चौक, गंजपारा चौक, पटेल चौक, राजेंद्र पार्क चौक एवं मालवीय नगर चौक होते हुए दुर्ग साइंस कॉलेज पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, राज्यसभा सांसद एवं यात्रा का नेतृत्व कर रहे राजेश शुक्ला, दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया, वरिष्ठ



भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि जल जन कलश यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और जनभागीदारी के संदेश को समाज के बीच पहुंचाने का माध्यम है। मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान सेवा और सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करने वाला अभियान है। वडनगर से वाराणसी तक निकली यह यात्रा प्रधानमंत्री की जन्मभूमि और कर्मभूमि को जोड़ते हुए सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का संदेश दे रही है। ललित चंद्राकर ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज में सेवा और सामाजिक दायित्व की भावना को बढ़ाने का अवसर है।

सहकारिता की वजह से ही किसानों को खेती कार्य के लिए शून्य ब्याज दर पर मिल रहा लोन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

सेवा सहकारी समिति पुरदा में सोमवार को वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के आमसभा में रखे गये विषयों को सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। विशेष रूप से कर्मचारियों के वार्षिक वेतन वृद्धि एवं गोदाम निर्माण के विषय पर ध्वनिमत से अनुमोदन किया गया।इस अवसर पर पूर्व संचालक शिवकुमार चंद्राकर ने कहा कि अन्य जिलों से बेहतर दुर्ग बालोद बेमेतरा जिला जो दुर्ग जिला सहकारी बैंक के अधीन आते हैं। उनके सभी सेवा सहकारी समितियां पर हर दो से तीन किलोमीटर के दायरे में खाद गोदाम बीज गोदाम

- सेवा सहकारी समिति पुरदा की हुई वार्षिक आमसभा



तथा धान संग्रहण केंद्र की स्थापना की गई है, जिससे सभी किसान भाइयों को अपने घर के आसपास ही सभी लेनदेन की सामग्रियां आसानी से उपलब्ध हो जाती है। एक समय साहूकारों से ब्याज लेकर खेती किसानी के काम करने वाले हमारे किसान भाई कर्ज में डूबे रहते थे, जिन्हें निजात दिलाते हुए डॉ. रमन सिंह की सरकार के समय से ही दुर्ग जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन के नेतृत्व वाली बोर्ड ने किसानों के कृषि कार्य हेतु लोन लिए जाने पर ब्याज दरों को घटाते घटाते शून्य ब्याज पर किसानों को ऋण उपलब्ध कराने की योजना लागू करी, जिसे प्रदेश के मुखिया डॉ. रमन सिंह ने इस योजना से प्रभावित होकर पूरे प्रदेश में इस योजना को लागू करी। पूरे प्रदेश के किसान भाइयों को साहूकारों के जंजाल से मुक्ति मिली है। आमसभा में प्राधिकृत अधिकारी दीपक कुमार साहू, पुनऊ राम साहू, ओमप्रकाश साहू, पुरेन्द्र कुमार धीमर, सुशील कुमार बंजारे, धनीराम साहू, जितेन्द्र कुमार साहू, प्रताप साहू, विजय कुमार, भगसेला राम, विशेषर बंजारे, नारायण चतुर्वेदी, मोहन दास, गैंदलाल धीमर, केजऊ राम साहू, हिन्दाराम, परमानंद ठाकुर, ईश्वर साहू सहित अन्य मौजूद थे।

136 साल पुराने ऐतिहासिक जैन मंदिर से जुड़ा है मार्ग का नाम, इसे न बदला जाए, महापौर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर के ब्राह्मणपारा वार्ड 32 स्थित कंकालीन मंदिर चौक को गांधी चौक से जोड़ने वाले जैन मंदिर रोड के नाम परिवर्तन को लेकर विवाद

- जैन मंदिर रोड के नाम परिवर्तन के मुद्दे पर दो पक्षों में विवाद



की स्थिति निर्मित हो गई है। इस मार्ग पर करीब 136 वर्ष पुराना ऐतिहासिक श्री दिगंबर जैन मंदिर (बड़ा जैन मंदिर) स्थित है। जैन समाज के अनुसार मंदिर की स्थापना के समय से ही इस मार्ग को जैन मंदिर रोड के नाम से जाना जाता है। ऐसे में मार्ग का नाम बदले जाने के मुद्दे का सकल जैन समाज ने विरोध करते हुए इसे यथावत रखने की मांग की है।

बताया गया है कि उक्त मार्ग का नाम वरिष्ठ भाजपा नेता रहे स्व. चैनसुख भट्टड़ के नाम पर किए जाने को लेकर नगर निगम में आवेदन दिया गया है। इसके बाद नामकरण को लेकर क्षेत्र में दो पक्षों के बीच मतभेद की स्थिति बनी है। इसे लेकर मंगलवार को श्री दिगंबर जैन पंचायत दुर्ग एवं सकल जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर अलका बाघमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और जैन मंदिर रोड का नाम यथावत रखने की मांग की।

इस दौरान सकल जैन समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि जैन मंदिर रोड केवल एक सड़क का नाम नहीं, बल्कि जैन समाज की ऐतिहासिक एवं धार्मिक पहचान से जुड़ा हुआ है। प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि मार्ग के नाम में किसी भी प्रकार का परिवर्तन समाज के लिए स्वीकार्य नहीं होगा। श्री दिगंबर जैन पंचायत के महामंत्री संदीप लुहाड़िया ने बताया कि जैन मंदिर रोड का उल्लेख गूगल मैप, मानचित्र तथा नगर निगम के वर्ष 1960 के अभिलेखों में भी इसी नाम से दर्ज है। मार्ग के आसपास करीब 300 परिवार निवास करते हैं, जिनकी आबादी एक हजार से अधिक है। संदीप लुहाड़िया ने कहा कि सकल जैन समाज वरिष्ठ भाजपा नेता रहे स्व. चैनसुख भट्टड़ का सम्मान करता है।

भाजपा संगठन और सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। समाज को उनके नाम पर किसी अन्य स्थान का नामकरण किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि जैन मंदिर रोड को छोड़कर शहर में किसी अन्य उपयुक्त स्थान का नाम स्व. चैनसुख भट्टड़ के नाम पर किया जाता है तो सकल जैन समाज उसका स्वागत करेगा। इस अवसर पर दिगंबर जैन पंचायत के संरक्षक कैलाश बाकलीवाल, महावीर गंगवाल, संतोष जैन, अध्यक्ष ज्ञानचंद पाटनी, महामंत्री संदीप लुहाड़िया, उपाध्यक्ष सुरेश जैन, उपमंत्री रमेश सेठी, कोषाध्यक्ष महेंद्र पाटनी, श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल पंचायत के अध्यक्ष राकेश छाबड़ा, मंत्री पंकज छाबड़ा, उपमंत्री मनोज बाकलीवाल, महावीर जयंती समारोह समिति के उपाध्यक्ष मनीष विमल बड़जात्या, अक्षय जैन, हाउसिंग बोर्ड मंदिर के अध्यक्ष रमेश जैन बाकलीवाल, मंत्री राकेश जैन, स्टेशन रोड मंदिर के अध्यक्ष अनिल जैन, मंत्री धर्मेंद्र जैन सहित अन्य मौजूद थे।

सेवा संकल्प अभियान में हुई रंगोली स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनवाड़ी मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर कोहका के आंगनवाड़ी केंद्र कोहका में किया गया। इसमें भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, कोहका मंडल उपाध्यक्ष सरिता भुवाल , सावित्री वर्मा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय साहू, परियोजना अधिकारी, पद्मजा सिन्हा महिला मोर्चा से राखी विश्वास ,रेखा पटेल, वार्ड पार्षद अंजू सिंह एवं गिरधर वर्मा सहित अनेक महिलाओं बच्चों आदि की उपस्थिति रही।

- विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना बाद अतिथियों के स्वागत हुआ। जिला महिला बाल विकास अधिकारी ने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य ,पोषण, नैतिक शिक्षा पर प्रकाश डाला । कौशिक संबोधन में आंगनवाड़ी की महत्ता एवं महिलाओ के कर्तव्य और परिवार की जीवन में भूमिका को रखांकित किया। र

गोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता बच्चों की चित्र कला प्रतियोगिता पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया एवं प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी को पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन में 6 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका , 3 मितानिन और 4 हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 3 महिला हितग्राहियों द्वारा शासन की योजना से लाभान्वित होने के फलस्वरूप अपने अनुभव को साझा किया। महिला मोर्चा की अध्यक्ष स्वीटी कौशिक द्वारा बच्चों को खिलौने दिए गए व राखी विश्वास द्वारा खिलौना दान और सावित्री वर्मा द्वारा वस्त्र दान किया गया ।

खबर संक्षेप



ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के दिए टिप्स

पाटन। थाना पाटन के अंतर्गत ग्राम पंचायत चंगोरी में डिजिटल फ्रॉड और साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के लोगों को साइबर ठगी के नए तरीकों के प्रति सतर्क करना और आर्थिक नुकसान से बचाना है। कार्यक्रम में जानकारियां दी गई कि बैंक अधिकारी, लॉटरी या इनाम का झांसा देने वाले अज्ञात फोन कॉल्स के बहकावे में न आएं। किसी भी व्यक्ति या खुद को बैंक कर्मचारी बताने वाले से अपना एटीएम पिन, पासवर्ड, यूपीआई पिन या ओटीपी साझा न करें। साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

भाषण व चित्रकला में 25 प्रतिभावान छात्र जिला स्तर के लिए चयनित



धमधा। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमधा में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम चरण में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्तर के 45 संकुलों के विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई। मुख्य अतिथि नगर पंचायत धमधा की अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल और पार्षद शशि यादव ने चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों की सराहना की। निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए शिक्षकों व संकुल समन्वयकों को निर्णायक बनाया गया था। प्रतियोगिता के अंत में चित्रकला से 20 और भाषण प्रतियोगिता से 5 उत्कृष्ट विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय स्पर्धा के लिए किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में दुर्ग डीईओ कार्यालय के संयुक्त संचालक राजेश चंद्रवंशी, बीईओ धमधा अथर्व शर्मा, एबीईओ कैलाश साहू तथा बीआरसी श्री केशव पटेल ने चयनित बच्चों को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार साहू ने किया। इस दौरान वीरेंद्र देवांगन, टीकम वर्मा, टामन वर्मा, देवी धीवर, विवेकानंद ताम्रकार, किशोर तिवारी, इनु राम पटेल, नरेश कुमार बारले, चित्रेन पटेल, दुर्गेश नंदिनी साहू, कल्पना सेन, संतोषी निषाद, घनश्याम देवांगन और पवन कुमार सिंह सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। द्वितीय चरण में माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक स्तर की प्रतियोगिता 1 अक्टूबर 2026 को होगी।

पर्यावरण से जुड़े सुधारों पर दिया जोर

उतई। परियोजना दुर्ग ग्रामीण सेक्टर उतई के ग्राम उमरपोटी के सामुदायिक भवन में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू रहीं। अन्य विशेष अतिथि जनपद पंचायत सदस्य झमीत गायकवाड, सरपंच विजेंद्र साहू, पंच प्रतिभा कोसरिया, मंजू सोनवानी रहे। मुख्य अतिथि श्रद्धा साहू ने कहा कि पर्यावरण संबंधी छोटे-छोटे सुधार ही आगे जाकर बड़े प्रयास बनते हैं इसलिए अपने आस पास से ही छोटे सुधार से शुरुआत होना चाहिए। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक प्रमिला वर्मा द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न जन कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सुकन्या समृद्धि योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना बाल संदर्भ शिविर आदि के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी और पोषण एवं स्वास्थ्य की दिशा में विशेष कार्य करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता गायकवाड, योगेश्वरी चंपा चेलक, महेश्वरी सोनवानी तथा आंगनबाड़ी सहायिका रेखा कुर्रे, सुशीला, अंबिका बंजारे, नीलम साहू एवं मितानिन संतोषी साहू, कुंती यादव, अनीता, पूर्णिमा और सुशीला का सम्मान किया गया।

शिक्षकों की पदस्थापना न होने पर स्कूल में तालाबंदी की नौबत

खर्रा प्राथमिक शाला में शिक्षकों की कमी से आक्रोश, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭️पाटन

सप्ताहभर का अल्टीमेटम दिया ग्रामीणों ने



विकासखंड पाटन के ग्राम खर्रा स्थित प्राथमिक शाला में शिक्षकों की कमी को लेकर ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और शाला विकास समिति के सदस्यों में भारी आक्रोश है। समस्या को लेकर सरपंच रेखराम साहू, पंचों व समिति सदस्यों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर तत्काल शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर समाधान नहीं हुआ तो स्कूल में तालाबंदी कर आंदोलन किया जाएगा।

ग्रामीणों के अनुसार करीब दो माह पूर्व स्कूल में चार शिक्षक नियुक्त किए गए थे। इनमें से शिक्षिका श्वेता वर्मा को मध्यान्ह भोजन बंद रहने और पंचायत प्रतिनिधियों से कथित अभद्र व्यवहार की शिकायत के बाद निलंबित कर बीईओ कार्यालय अटैच कर दिया गया। वहीं दूसरे शिक्षक देवनारायण बघेल का तबादला प्राथमिक शाला चुलगहन कर दिया गया। वर्तमान में स्कूल केवल दो शिक्षकों के भरोसे चल रहा है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अधिकारियों से चुलगहन भेजे गए शिक्षक को वापस खर्रा में पदस्थ करने की मांग की गई थी, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब न मिलने से नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है।



फार्मेसी स्टूडेंट ने सीखीं औषधि परीक्षण और निर्माण की बारीकियां

कुम्हारी। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के डी.फार्मा और बी.फार्मा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने केंद्रीय आयुर्वेदिक अनुसंधान संस्थान, रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने औषधि अनुसंधान, परीक्षण और निर्माण की व्यावहारिक जानकारी हासिल की।

संस्थान के साइंटिफिक ऑफिसर डॉ. नागेंद्र चौहान के मार्गदर्शन में वरिष्ठ वैज्ञानिक अरुण व चंदन कुमार साहू ने विद्यार्थियों को प्रयोगशालाओं, आधुनिक उपकरणों और परीक्षण प्रक्रियाओं के बारे में बताया। भ्रमण के दौरान डॉ. रोहिणी अरमो और मनीषा वर्मा ने विद्यार्थियों का नेतृत्व किया। प्राचार्य डॉ. एस. प्रकाश राव, कैंपस डायरेक्टर और स्टाफ ने इस ज्ञानवर्धक भ्रमण के लिए अनुसंधान संस्थान के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

अंचल की खबरें

सेजस जामगांव आर में हुई चित्रकला व भाषण स्पर्धा



जामगांव आर। सेवा संकल्प अभियान सत्र 2026-27 के अंतर्गत सेजस जामगांव आर में चित्रकला प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे एवं सविता देशलहरे के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 105 विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर 80 शिक्षक एवं 16 संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक शाला भरर, संकुल केंद्र भरर की कक्षा 8 वीं की छात्रा गुंजन साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रदर्शनी में सेजल चंद्राकर सेजस जामगांव आर, डोमिन यादव प्राथमिक शाला डिघारी, गेमेश्वरी सेजस जामगांव आर, आसिन मारकंडे विजन पब्लिक स्कूल जामगांव आर, अनन्या चंद्राकर पूर्व माध्यमिक शाला भरर, ज्ञानेश साहू पूर्व माध्यमिक शाला बटरेल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमलेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष जामगांव आर थे। विशिष्ट अतिथि रामकुमार चंद्राकर जनपद सदस्य पाटन, नरेश केला अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर, मनीष जैन सांसद प्रतिनिधि, पूर्णेन्द्र सिन्हा, महामंत्री भाजपा मंडल जामगांव आर, शैलेंद्री मंडावी एवं अरुण चंद्राकर अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति भरर उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में सेजस जामगांव आर के प्राचार्य कविता साहू एवं संकुल समन्वयक सुरेश महिपाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आंगन मिलन कार्यक्रम



अंडा। सेक्टर नगपुरा दुर्ग ग्रामीण के नगपुरा केन्द्र क्र.2,3,4 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगपुरा में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन शाला के सभागार मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अतिथि जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देशमुख, सरपंच सरोज रिगरी, महिला मोर्चा महामंत्री बीना देशमुख, उपाध्यक्ष दीप्ति कटझोरी, सदस्य भुनेश्वरी साहू, पंच कमला देवांगन, बीना यादव, एएनएम विद्या राठौर उपस्थित रही। कार्यक्रम में बच्चो और महिलाओं के लिए खेलकूद कुर्सी दौड़, स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, बच्चों का अन्नप्राशन, गर्भवती माता की गोदभराई, पौष्टिक थाली, पौष्टिक व्यंजन की प्रदर्शनी लगाई गई। वहीं रंगोली, मेहंदी, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महतारी वंदन, प्रधानमंत्री मातृवंदना के लाभान्वित हितग्राही का अनुभव को साझा किया। कार्यकर्त्ता, सहायिका, मितानिन, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बच्चों और महिलाओ पुरस्कार वितरण किया, नगपुरा की कार्यकर्ता प्यारी गोस्वामी, सुनिता देवांगन, पुष्पलता देवांगन, शारदा मंडारे, सरस्वती सिंहा, महेश्वरी मांडले अंत में पर्यवेक्षक इंदु मिश्रा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

विचक्षण जैन विद्यापीठ में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन



कुम्हारी। कुम्हारी स्थित विचक्षण जैन विद्यापीठ में डिजिटल शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में नवीन कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार सकलेचा जीएम (एचआर-सीएसआर) एमपीएसओ की उपस्थिति रही। समारोह में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता कर आधुनिक तकनीकी शिक्षा की दिशा में इस नई सुविधा का स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में विचक्षण जैन विद्यापीठ के प्रबंधन मंडल के सदस्यों की उपस्थिति भी रही। जिनमें राजेश गिडिया अध्यक्ष, राजेश सावनसुखा पूर्व अध्यक्ष, सुनील गोलछा कोषाध्यक्ष, सीआपीसी मालू, अनिल लोढ़ा उपाध्यक्ष, सुरेश कांकरिया, संपत झाबक, ऋषभ जैन तथा विद्यालय के प्राचार्य एपी सिंह उपस्थित रहे। यह कंप्यूटर लैब इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी सीएसआर पहल के अंतर्गत प्राप्त सहयोग से स्थापित की गई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता और तकनीक-आधारित शैक्षणिक गतिविधियों के लिए बेहतर एवं व्यावहारिक अवसर उपलब्ध कराना है।



सेवा सहकारी समिति साजा की वार्षिक आमसभा संपन्न

साजा। सेवा सहकारी समिति मर्यादित साजा पं. क्र. 1246 के कार्यालय साजा में समिति की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा में समिति से जुड़े किसानों को विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं एवं समिति की गतिविधियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

आमसभा के दौरान किसानों को शासन की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने, एग्री स्टेक पंजीयन, धान पंजीयन एवं आगामी धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

आमसभा में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा करते हुए उनके निराकरण तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने के संबंध में आवश्यक पहल करने की बात कही गई। समिति द्वारा किसानों के हित में पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए उन्हें आवश्यक जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। ये रहे उपस्थित प्राधिकृत अध्यक्ष कमल किशोर राठी, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राठी, लक्ष्मीकांत वर्मा, राजेश दुबे,राकेश भुवाल, अजय वर्मा, राधेश्याम सोनी, भारत वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, गोविंद सिंहा, हरिराम वर्मा, अभिताभ कन्नौजे, धर्मेंद्र कन्नौजे, दुर्गा यादव,तुषार मानिकपुरी, सुशील, प्रभु साहू, विजय भारती किशन निषाद, जाता साहू, एवं शाखा प्रबंधक, संतोष कुमार साहू समिति प्रबंधक प्रहलाद कुमार सोनी सहित समिति के सभी कर्मचारी एवं अन्य ग्राम साजा, जाता, डोंगीतराई में किसान उपस्थित रहे।

पुस्तकें सिर्फ शब्दों का संग्रह नहीं हमारे अनुभव और विचार का संसार

हरिभूमि न्यूज ⏭️उतई

केंद्रीय विद्यालय सीआईएसएफ भिलाई में हिंदी माह के अंतर्गत पुस्तक प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि भबनेश्वरी प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय सीआईएसएफ भिलाई थीं। सर्वप्रथम अतिथि ने फीता काटकर पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपनी राय व्यक्त कीं।

- **केंद्रीय विद्यालय सीआईएसएफ भिलाई में हिंदी माह में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन**

उन्होने कहा कि पुस्तकें केवल कागज के पन्नों पर लिखे शब्दों का संग्रह नहीं हैं, बल्कि वे हमारे ज्ञान, अनुभव, विचार और कल्पनाओं का अनमोल संसार हैं। विद्यार्थी जीवन में पुस्तकों का विशेष महत्त्व है।

पाठ्यपुस्तकें हमें विषय का ज्ञान देती हैं, जबकि अन्य पुस्तकें हमारी सोच को व्यापक बनाती हैं।



अच्छी पुस्तकें हमें नए विचारों से परिचित कराती हैं, हमारी भाषा और अभिव्यक्ति को समृद्ध करती हैं तथा हमारे भीतर जिज्ञासा, रचनात्मकता और संवेदनशीलता का विकास करती हैं।

पुस्तकें हमें यह भी सिखाती हैं कि जीवन की विभिन्न परिस्थितियों को समझने और उनका सामना करने के लिए सही दृष्टिकोण कितना आवश्यक है। एक अच्छी पुस्तक एक अच्छे मित्र की तरह होती है। वह हमारा साथ देती है, हमारा ज्ञान बढ़ाती है और हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इसलिए हमें अपने जीवन में पुस्तकों के लिए विशेष स्थान बनाना चाहिए। इस प्रदर्शनी की संयोजिका रीना साहू, पुस्तकालय अधीक्षिका थीं।

इस अवसर पर रूना चौधरी, गीतू, सोमा शील गुहा, सृजन, शैलेश बेंजामिन, एबी सिंह, निधि केरकेट्टा, उमेश कुमार संत, डीए गिरिया, माधुरी, आशीष, आंचल सिंह, मालविका नियोगी, आंचल कन्नौजे, नमिता, दीप्ति, सीमा विश्वकर्मा, नेहा सिंह, रितु कुम्भकार, राजन शर्मा, किरण ममता उपस्थित थे।

सविता देवांगन को मिली पीएचडी की उपाधि



कुम्हारी। जजंगिरी निवासी सविता देवांगन को मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा शिक्षा विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। सविता देवांगन सेजेस जंजगीरी जिला दुर्ग में व्याख्याता के पद पर पदस्थ है। उनका शोध शीर्षक हाई स्कूल में अध्यनरत विद्यार्थियों की पाठ्य सहगामी क्रियाओ का सामाजिक कौशल एवं भावनात्मक परिपक्वता पर प्रभाव का अध्ययन पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। उन्होंने अपना शोध कार्य स्कूल आफ एजुकेशन मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के प्रोफेसर डॉ प्रज्ञा झा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न किया।

युवाओं ने लिया समाज सेवा का संकल्प

जामुल। डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आर. एस. सिंह ने की। मुख्य अतिथि एवं एनएसएस जिला संगठक सुरेश ठाकुर ने राष्ट्रीय गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. आर. एस. सिंह ने एनएसएस को अनुशासन का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश कुमार मेश्राम और पूर्व कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र कश्यप एवं राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक बलराज ताम्रकार ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय परगनिहा, डॉ. रचना चौधरी, पी. हेमाराम और भुनेश्वर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश कुमार मेश्राम व आभार प्रदर्शन डॉ. शशि कश्यप ने किया।



पेज 9 के शेष

संभाग स्तरीय आंदोलन ....

विभागीय परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति का अवसर, लघु वनोपज संघ के मूल कर्मचारियों का वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में संविलियन तथा निःशक्तजन अधिकारी-कर्मचारियों को नियमानुसार पदोन्नति देने की मांग रखी गई। इसके साथ ही वर्क डिपार्टमेंट के तकनीकी संवर्ग के कर्मचारियों को निर्धारित समयावधि में पदोन्नति देने तथा पेंशनरों के लिए भी कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने की मांग की गई।

ये पदाधिकारी रहे शामिलः आंदोलन में जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नंदेश्वरी पासवान, उपाध्यक्ष टोपी राम चंद्राकर, महामंत्री रामावतार साहू, सचिव सुखनाथ गंधर्व, सह सचिव देवेंद्र नामदेव, कोषाध्यक्ष हिरदेशाय जोशी, प्रवक्ता राकेश बंछोर, मीडिया प्रभारी रेवेन्द्र चंद्राकर, प्रचार-प्रसार मंत्री निलांबर साहू सहित साजा ब्लॉक अध्यक्ष कविता वानखेड़े, खंडसरा ब्लॉक अध्यक्ष धनंजय चौहान, बेरला ब्लॉक अध्यक्ष अश्वन जांगड़े और नवागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष राकेश भारती सहित जिलेभर के कर्मचारी मौजूद रहे।

नए राशन कार्ड के लिए जाति ...

कर सकते हैं। आवेदन दर्ज होने के बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर पर रेफरेंस नंबर भेजे जाने की व्यवस्था है। इसके माध्यम से आवेदक घर बैठे आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेगा। **प्रमाण-पत्र लंबित होने से बढ़ी परेशानीः** नई व्यवस्था का सबसे अधिक असर उन परिवारों पर पड़ सकता है, जिनके जाति प्रमाण-पत्र अभी तक जारी नहीं हुए हैं। क्षेत्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के कई लोगों के जाति प्रमाण-पत्र के आवेदन तहसील एवं एसडीएम कार्यालयों में लंबित बताए जा रहे हैं। ऐसे में राशन कार्ड के लिए आवेदन करने वाले परिवारों को पहले जाति प्रमाण-पत्र बनवाने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। **आय का विकल्प नहीं होने से उठे सवालः** नई आवेदन प्रक्रिया में वार्षिक आय से संबंधित जानकारी अथवा आय प्रमाण-पत्र का विकल्प नहीं होने की बात सामने आई है। इससे राशन कार्ड की पात्रता निर्धारित करने के आधार को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि आवेदन प्रक्रिया में आय की जानकारी नहीं ली जा रही है तो आर्थिक स्थिति के आधार पर पात्रता का निर्धारण किस तरह किया जाएगा।

वार्ड 8 में खाद्य विभाग ...

वार्डवासियों ने की पहल की सराहना

शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासी पहुंचे। नागरिकों ने कहा कि स्थानीय स्तर पर शिविर आयोजित होने से राशन कार्ड एवं खाद्य संबंधी कार्यों के लिए दूर कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ती। लोगों ने इस पहल को सुविधाजनक बताते हुए नियमित रूप से ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की।

अवैध कारोबार पर ...

यादव, मुकेश कुमार चंद्रवंशी, रोशन वर्मा, मुकेश सिंह और छोटूराम टेम्बुलकर सहित साइबर सेल एवं देवरबीजा पुलिस स्टाफ की भूमिका रही।

37 और 43 साल ...

की सराहना करते हुए उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। **पुलिस परिवार ने दी भावभीनी विदाईः** समारोह के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं भावुक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो ने किया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा सोनल ग्वाला, मुख्य लिपिक उप निरीक्षक हरिओम विश्वकर्मा, स्टेनो संतोष सोनवानी सहित पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिजन उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

2.98 लाख रुपए का गांजा समेत युवक गिरफ्तार

भिलाई। लाखों रुपए गांजा समेत युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना कुम्हारी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अटल आवास, कुम्हारी में अवैध रूप से गांजा बेचने की खूपर मिली थी, पुलिस ने दबिश देकर 6.350 किलोग्राम गांजा बरामद किया। मामले में वार्ड 9, लक्ष्मी नगर, सुपेला निवासी प्रेम कुमार साहू को पकड़ा गया। गांजा की कीमत2.98 लाख 975 रुपए का है। आरोपी किराये के मकान में गांजा रखकर उसे अवैध रूप से बेचा करता था। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कुम्हारी उनि पारस सिंह ठाकुर, सउनि वीरेंद्र सिंह ठाकुर, परि. उनि गंगासागर पात्र, आरक्षक विकास शेंडे, सचिन ठाकुर, दिलीप हरदे, कमल परगनिहा का अहम योगदान रहा है।

देव संस्कार साख सहकारी समिति की हुई वार्षिक आमसभा

भिलाई। देव संस्कार साख सहकारी समिति मर्यादित सेक्टर-5 की पन्द्रहवीं वार्षिक आमसभा विगत दिनों संस्था कार्यालय सेक्टर-5 भिलाई में संपन्न हुई। सभा का शुभारंभ संचालक मंडल के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। आमसभा में संस्था अध्यक्ष विपिन बिहारी मिश्रा के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2025-26 में 29 नये सदस्य बने, 1 लाख 77 हजार 7 सौ चालीस रूपये के अंशों का विक्रय हुआ, 17 लाख 52 हजार 847 रूपये की सावधि जमा एवं 9 लाख 45 हजार 504 रू की आवर्ती जमा प्राप्त की गई। वर्ष 2025-26 में 41 लाख 87 हजार 221 रूपये का ऋण वितरण किया गया। 31 मार्च 2026 में संस्था की कार्यशील पूंजी 1 करोड़ 20 लाख 61 हजार 746 रूपये 60 पैसे की रही। तत्पश्चात लाभ-हानि खाता, वित्तीय पत्रक एवं वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट पेश किया गया। जिसका उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। सभा का संचालन पल्लवी गुप्ता द्वारा किया गया। सभा में संस्था सदस्य रोशनी बेन, रेखा अग्रवाल, गीताबेन पटेल, पूर्णिमा सोना व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

ओर हैंडलिंग प्लांट के कार्मिकों को मिला कर्म शिरोमणि पुरस्कार

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के ओर हैंडलिंग प्लांट में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को शिरोमणि पुरस्कार समारोह में कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक आरबी गहरवार ने की। उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए ओर हैंडलिंग प्लांट के ऑपरेशन अनुभाग से इंजीनियरिंग एसोसिएट जेके ब्राम्हे तथा मैकेनिकल अनुभाग से जूनियर इंजीनियर एसोसिएट अजय सोरेन, इंजीनियरिंग एसोसिएट दुर्गेश कुमार गोंड एवं जूनियर इंजीनियर एसोसिएट नवीन को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक एआर मंडल, महाप्रबंधक अजित कुजूर व मनीष सिंग एवं उप महाप्रबंधक प्रशांत जैन ने पुरस्कार विजेताओं को प्रवीणता प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक गिरीश मढ़ारिया द्वारा किया गया।

राज्य में रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में हुए बहुत से काम

भिलाई। सांसद विजय बघेल ने संसदीय कार्यकाल के 2 वर्षों की प्रमुख जानकारी साझा की। बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही आने वाले दिनों में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के विकास का विजन भी बताया। इस दौरान प्रेस क्लब ने मांगपत्र भी सौंपा। मांगपत्र पर सांसद ने सकारात्मक प्रयास करने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष अनिल गुप्ता और महासचिव दिलीप शर्मा ने स्वागत किया। बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

आयोजन : स्वास्थ्य व पोषण के प्रति किया जागरूक

सेवा संकल्प अभियान : बेरला मंडल ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा मंडल बेरला द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 22 यूनिट रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर में मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत, बेरला तहसीलदार वीके मानकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष शैलेन्द्री वर्मा, जितेंद्र कुमार साहू, डिगेश्वर निषाद, पंकज साहू, प्रहलाद ध्रुव, भाजयुमो महामंत्री अखिलेश सिंह, वीरेंद्र सिंहा, भाजयुमो उपाध्यक्ष लेखराम साहू, पोखन सिन्हा, पार्षद उमा नेताम, दीक्षांत साहू, अमित कुमार देवांगन, किसान मोर्चा अध्यक्ष सिंपू परगनिहा, पुरुषोत्तम यादव, बृजेश कुमार, सुनील पटेल, घनश्याम माहेश्वरी, धनंजय सिंह राजपूत, वेद प्रकाश देवांगन और दीपक देवांगन ने रक्तदान किया।

16वीं बार रक्तदानः मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की जान बचाने में मदद की जा सकती है। उन्होंने बताया कि उन्होंने 16वीं बार रक्तदान किया है। उन्होंने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत किया गया यह रक्तदान समाजसेवा के साथ विकसित भारत के संकल्प में भी योगदान है। शिविर में प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया, जिला पंचायत सभापति प्रीतम चंदेल, यतीश द्विवेदी, कन्हैया वर्मा, नारायण पटेल, सीमा वर्मा, कन्हैया सेन, अरविंद ठाकुर, कमल साहू, बलराम सिवारे, रमेश सिन्हा, सिंपू परगनिहा, राजू साहू, युगल पाटिल, शैलेन्द्री वर्मा, लक्ष्मी लता वर्मा, शिव झड़ी सिन्हा, उमा नेताम, हीरालाल सोनी, मनोज वैष्णव, मोहित साहू, कमल नारायण पांडे, यशवंत साहू, वेद प्रकाश यादव, बृजेश शर्मा, रमेश साहू, रूपचंद धीवर, ताराचंद साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कातलबोड़ में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम, महिलाओं और बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



बेमेतरा/दाढ़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को ग्राम कातलबोड़ के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचने वाले बच्चों एवं महिलाओं का स्वागत कर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनजागरूकता और स्वास्थ्य-पोषण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान मेरी कहानी, मेरी सफलता योजना के लाभार्थियों से संवाद किया गया। महिलाओं के लिए मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही पोषण एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भोज का आयोजन किया गया। महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से लाभान्वित महिलाओं ने योजनाओं से मिले लाभ और अपने अनुभव साझा किए। आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों ने बाल गीत एवं कहानी प्रस्तुत कर कार्यक्रम के दौरान बच्चों की बेहतर देखरेख एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 'स्मार्ट माता' का चयन भी किया गया। आयोजन में मितानिन लता कुर्रे, पार्वती यादव, एएनएम सुषमा साहू, सहायिका टीकम टंडन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी जांगड़े सहित पालकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

तेंदुभाठा के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा अभियान का आयोजन

साजा। जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेंदुभाठा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य माताओं, बच्चों एवं किशोरियों में पोषण, स्वास्थ्य एवं संस्कार के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से उनके कल्याण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान नन्हें बच्चों को स्लेट एवं कलम का वितरण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते हुए नियमित रूप से आंगनबाड़ी एवं स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते



हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर जनपद सदस्य वंदना साहू, सरपंच पुरुषोत्तम शर्मा, सेवा सहकारी समिति मोहगांव के अध्यक्ष त्रिलोकी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चमेली निर्मलकर सहित स्कूल के शिक्षक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों और उनके अभिभावकों की सहभागिता रही।

आंगन मिलन में गूंजा मातृशक्ति के सम्मान का संदेश

बेमेतरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा महिला मोर्चा की ओर से ग्राम पंचायत बिलई के आंगनवाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कराया गया।

गोद भराई कार्यक्रम में महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। वहीं शिशुओं के अन्नप्राशन संस्कार ने आयोजन को पारिवारिक और भावनात्मक माहौल दिया। उपस्थित महिलाओं ने माताओं और बच्चों के स्वस्थ एवं सुखद जीवन की मंगलकामना की। जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मातृत्व को विशेष सम्मान दिया गया है। गोद भराई केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आने वाले नवजीवन के स्वागत और मां के सम्मान का संस्कार है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मां ही स्वस्थ परिवार की नींव रखती है और स्वस्थ एवं संस्कारित बच्चों से



मजबूत समाज का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा सेवा, संवेदना और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की भावना को समर्पित है। महिला मोर्चा की ओर से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

पोषण और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और स्वच्छता का ध्यान रखने के संबंध में जानकारी दी गई। शिशुओं के उचित पोषण और अन्नप्राशन के बाद आहार के नए चरण को लेकर भी आवश्यक जानकारी साझा की गई। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और बाल विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक करने के साथ पारिवारिक संस्कारों को भी मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री मनीषा शर्मा, डॉ. नेहा वर्मा सहित महिला मोर्चा की कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से सेवा पखवाड़े में सेवा, संस्कार और मातृशक्ति के सम्मान का संदेश दिया गया

शहर कांग्रेस की मासिक बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक बुधवार को आयोजित की गई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के निर्देशानुसार हुई बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

इस दौरान संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में आगामी 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के 10 अक्टूबर को जन्मदिवस को शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जन सेवा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत वृद्धाश्रम एवं अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रश्मि मिश्रा, महामंत्री नारायण छाबड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष मंगत साहू, मंडल अध्यक्ष तारकेश्वर साहू, जनता साहू, रोमन वर्मा, उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सीतलानी, उपाध्यक्ष जगजीत सिंह, सीताराम यदु, शुभम सोनी, शंकर सिंह चौहान, नीलकंठ चंद्राकर, अशफाक मोहम्मद, मोहम्मद मुख्तार, राजेश नौरंगे, सीमा देवांगन, शशि सेन, प्रकाश तुर्के, राजेंद्र वर्मा, राजू वर्मा, यश साहू, हेमिन यादव सहित शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

पितृ पक्ष पर सर्व समाज ने धनगांव में वीर सपूतों को दिया तर्पण साधु-संतों से लेकर मंत्री और जनप्रतिनिधि हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- नक्सल हमले में छत्तीसगढ़ के 1399 अमर बलिदानियों को धनगांव में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि, 24 घंटे चला राम नाम यज्ञ



छत्तीसगढ़ के नक्सल मुक्त होने के बाद प्रथम पितृ पक्ष के पावन अवसर पर बेमेतरा जिले के ग्राम धनगांव में 29 एवं 30 सितंबर 2026 को अमर बलिदानियों की स्मृति में एक विशाल श्रद्धांजलि सभा एवं तर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्व समाज की ओर से आयोजित इस ऐतिहासिक और भावपूर्ण दो दिवसीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के हमले अपने प्राणों की आहुति देने वाले 1399 वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीदों की आत्मा की शांति और उनके त्याग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए विशेष रूप से तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वीर जवानों की स्मृति में 24 घंटे का अखंड 'राम नाम यज्ञ' और महामंत्र का जाप किया गया। इस दौरान संपूर्ण धनगांव का वातावरण भक्ति, वैराग्य और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत रहा।

इसके साथ ही धनगांव में राज्यस्तरीय रामधुनी कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ के अलग अलग जिलों से 150 से अधिक समितियों ने हिस्सा लिया। जिसमे सुतियापाठ कवर्धा को 1 लाख, कनहरपुर पंचरिया कवर्धा को 50 हजार फुटई नवागढ़ बेमेतरा को 31 हजार, मारिमापोटी धमतरी को 21 हजार एवं पिश पथरिया को 11 हजार रुपये से पुरुस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष एवं दक्षिण कौशल के पीठाधीश्वर महंत राजीव लोचन दास ने कहा कि बेमेतरा जिले का ग्राम धनगांव उनकी जन्मभूमि है और इस पुण्य धरा पर राष्ट्र रक्षकों का स्मरण करना अत्यंत गर्व और भावुकता का क्षण है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों से छत्तीसगढ़ महतारी की रक्षा के लिए देशभर के 1399 वीर सपूतों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। इन वीरों ने छत्तीसगढ़वासियों की सुख-शांति के लिए जो अपना सर्वस्व अर्पण किया है, उसके ऋण को कभी चुकाया नहीं जा सकता। इसलिए आज पूरा समाज एकजुट होकर पूरी कृतज्ञता के साथ उन वीर हुतात्माओं के लिए तर्पण का यह पुनीत कार्य कर रहा है। भाजपा नेता एवं वरिष्ठ समाजसेवी बसंत अग्रवाल ने वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा, ₹आज हम खुली हवा में जो सांस ले रहे हैं और एक नक्सल मुक्त, शांत तथा सुरक्षित छत्तीसगढ़ का जो सपना साकार हुआ है, वह हमारे इन्हीं वीर सपूतों के सर्वोच्च बलिदान का ही प्रतिफल है। इन 1399 जवानों ने अपने परिवारों की चिंता न करते हुए भारत माता और छत्तीसगढ़ की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। आज पितृ पक्ष के इस पवित्र अवसर पर इन बलिदानियों का तर्पण कर सर्व समाज ने यह संदेश दिया है कि देश के लिए जान देने वाले कभी भुलाए नहीं जाते, वे सदैव हमारे दिलों में अमर रहते हैं। उन्होंने आगे कहा, ₹हम सभी का यह परम कर्तव्य है कि हम शहीदों के परिवारों के साथ हमेशा मजबूती से खड़े रहें और उनके सपनों का एक सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र बनाएं। आने वाली पीढ़ियां इन वीरों के अदम्य साहस से सदैव राष्ट्रसेवा की प्रेरणा लेती रहेंगी।

इस गरिमामयी श्रद्धांजलि सभा में अनेक साधु-संतों, राजनेताओं और गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महात्यागी रामरूपदास जी महाराज, महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दासजी महाराज, छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष (बेमेतरा) कल्पना योगेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष (बेमेतरा) विजय सिन्हा, महंत सुरेश दास जी, दयावान बांदे, प्रज्ञा निर्वाणी (जिला अध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास से जुड़ी महिलाओं का सम्मान

गौरमाटी में नारी सम्मान के साथ हुआ गौसेवा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ग्राम पंचायत गौरमाटी में सरपंच झामिन बिजेश्वर साहू के नेतृत्व में नारी सम्मान समारोह एवं गौसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार एवं साड़ी भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम की स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने वाली सीएचओ धनेश्वरी साहू एवं एएनएम जानकी साहू का विशेष सम्मान किया गया। उन्हें प्रमाण पत्र एवं साड़ी भेंटकर मितानिनों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई।

गौधाम में चारा एवं टब भेंटः सुरभि गौधाम गौरमाटी में संचालित जय मां दुर्गा महिला स्व सहायता समूह को निराश्रित एवं घुमंतू पशुओं के लिए चारा एवं बड़ा दमेला (टब) भेंट किया गया। इस अवसर पर सरपंच ने गौसेवा को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि पशुओं की सेवा और संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

आंगनबाड़ी बच्चों को बांटे खिलौनेः आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 के बच्चों को खिलौने वितरित किए गए। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को शिक्षा और पोषण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के लिए प्रमाण पत्र एवं साड़ी देकर सम्मानित किया गया। खिलौने पाकर बच्चों में उत्साह देखने को मिला।

नारी शक्ति का किया सम्मान

कार्यक्रम में सक्रिय महिला लता सेन, कृषि सखी देवनतीन बंजारे, पशु सखी राजिला मार्कण्डेय, आरबीके शीला बांधे, मितानिन दीदियों एवं मत्स्य पालन समूह से जुड़ी महिलाओं सहित गांव की अन्य महिला शक्ति का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच झामिन बिजेश्वर साहू ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महिलाओं का सम्मान, गौसेवा और बच्चों की खुशी ही सशक्त गौरमाटी की पहचान है। नारी शक्ति के बिना गांव का विकास अधूरा है। पंचायत हर कदम पर महिलाओं के साथ खड़ी है। कार्यक्रम में पंचगण, ग्रामीणजन, महिला स्व सहायता समूहों की सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

